संख्या-4/352/12-5-2013-43/2012

प्रेषक,

आलोक रंजन,
कृषि उत्पादन आयुक्त ,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

1. समस्त प्रमुख सचिव/
सचिव, विकास विभाग ,
उत्तर प्रदेश शासन ।
2. कृषि निदेशक,
उ0प्र0, लखनऊ ।

कृषि अनुभाग-5 लखनऊ: दिनांक: 19 मार्च, 2013

विषय:- उ0प्र0 कृषि नीति-2013 का प्रतिस्थापन /प्रख्यापन ।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर उत्तर प्रदेश कृषि नीति-2013 की प्रति संलग्न कर भेजते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उत्तर प्रदेश की कृषि नीति प्रथमत: वर्ष 2005 में निर्गत की गयी थी, तब से कृषि तथा सम्बद्व क्षेत्रों में अनेक नई तकनीकों एवं आयामों का विकास हो चुका है । अत: इन नये आयामों एवं नई तकनीकों को उत्तर प्रदेश कृषि नीति में सम्मिलित करते हुये उत्तर प्रदेश कृषि नीति-2013 पर मा0 मंत्रिपरिषद /शासन के अनुमोदनोंपरान्त उक्त कृषि नीति का प्रतिस्थापन/प्रख्यापन किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय एतद्द्वारा स्वीकृति प्रदान करते है ।

2- उक्त कृषि नीति के संबंध में आपके विभाग से संबंधित जो भी कार्यवाही/संशोधत शासनादेश/नियम/उपनियम /विनियम/अधिनियम/बाइलाज आदि जारी किया जाना हो, तो उसके सम्बन्ध में कार्यवाही पूर्ण करते हुये उक्त कार्ययोजना किन-किन चरणों में पूर्ण की जायेगी, की स्थिति की सूचना सहित

http://shasanadesh.up.nic.in

विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर दिनांक 31 मार्च, 2013 तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें ।

3- उक्त के सम्बन्ध में मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि उक्त कृषि नीति-2013 के कार्यान्वयन हेतु कार्ययोजना का प्रस्तुतीकरण अप्रैल, 2013 के प्रथम सप्ताह में प्रमुख सचिव, कृषि विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली बैठक में किया जायेगा । तदोपरान्त कृषि नीति की कार्ययोजना का दूसरा प्रस्तुतीकरण मुख्य सचिव महोदय के समक्ष किया जायेगा ।

कृपया उपरोक्त वस्तुस्थिति के दृष्टिगत कार्यवाही पूर्ण कराते हुये विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर समयबद्व उपलब्ध कराने का कष्ट करें ।

संलग्नक- यथोपरि ।

भवदीय,

(आलोक रंजन)
कृषि उत्पादन आयुक्त,
उत्तर प्रदेश शासन ।

संख्या-352(1)/12-5-2013, तददिनांक ।

उक्त की प्रतिलिपि उत्तर प्रदेश कृषि नीति, 2013 की प्रति सहित निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तर प्रदेश शासन ।
2- महानिदेशक, उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद, लखनऊ ।
3- प्रबन्ध निदेशक, बीज विकास निगम, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।
4- प्रबन्ध निदेशक, यू0पी0 एग्रो, लखनऊ ।
5- निदेशक, कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।
6- निदेशक, उत्तर प्रदेश बीज प्रमाणीकरण संस्था, लखनऊ ।
7- प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश भूमि सुधार निगम, लखनऊ ।
8- निदेशक, राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान, रहमानखेड़ा, लखनऊ ।
9- निदेशक, कृषि सांख्यिकी एवं फसल बीमा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।
10- सचिव एवं परियोजना समन्वयक, यू0पी0 डास्प, लखनऊ ।

http://shasanadesh.up.nic.in

11- निदेशक, पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।

12- आयुक्त, गन्ना एवं चीनी मिले, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।

13- दुग्ध आयुक्त, दुग्धशाला विकास विभाग,उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ ।

14- निदेशक, रेशम विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।

15- निदेशक, मत्स्य विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।

16- निदेशक, उद्यान विभाग, उत्त्र प्रदेश, लखनऊ ।

17- निबन्धक, सहकारी समितियॉ, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।

18- निजी सचिव, कृषि उत्पादन आयुक्त, उत्तर प्रदेश शासन ।

19- कृषि विभाग के समस्त अधिकारी /अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन ।

संलग्नक-यथोपरि ।

आज्ञा से,

(निखिल चन्द्र शुक्ला)

विशेष सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in